प्रसाद वितरण को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पांच गिरफ्तार

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। आदर्श नगर पंचायत स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में रविवार रात शरद पूर्णिमा पर पूजा-अर्चना और खीर प्रसाद वितरण को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शान्त कराया। दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार रात करीब 10 बजे मंदिर में परम्परा के अनुसार महेश कसौधन पूजा-अर्चना के बाद खीर का प्रसाद वितरित करने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के विपिन उमर, सिद्धार्थ कश्यप, शुभम शर्मा और दुर्गेश कसौधन भी मंदिर पहुंच गये। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में वाद-विवाद सहित गाली-गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। इससे मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को अलग कर मामला शान्त कराया। आपको बता दें कि मंदिर कमेटी के महेश कसौधन ने आरोप लगाया कि खीर प्रसाद वितरण की तैयारी के दौरान कुछ लोग पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। वहीं शुभम शर्मा का आरोप है कि मंदिर पहुंचते ही महेश कसौधन ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके साथ मार-पीट की गई। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मार-पीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। दो पक्षों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

महेश कसौधन की तहरीर पर विपिन उमर, सिद्धार्थ कश्यप, शुभम शर्मा और दुर्गेश कसौधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। तो वहीं शुभम शर्मा की तहरीर पर महेश कसौधन के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। शान्ति भंग करने और माहौल बिगाड़ने के आरोप में महेश कसौधन, विपिन उमर, सिद्धार्थ कश्यप, दुर्गेश कसौधन और शुभम शर्मा को गिरफ्तार किया गया।

एक नवम्बर को आयोजित होगा मेगा शिविर-न्यायिक अधिकारी

संतकबीरनगर। पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और आमजन को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 01 नवंबर 2026 को संत कबीर अकादमी, मगहर में मेगा विधिक सहायता एवं जनसेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/न्यायिक अधिकारी सुश्री अनन्या साह ने बताया कि शिविर में आमजन को नि:शुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत से संबंधित जानकारी, सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में राजस्व, पंचायती राज, विकास-आवास एवं नगर विकास, डूडा, आईटीआई, पुलिस, कृषि, युवा कल्याण, विद्युत, नगर पालिका परिषद, समाज कल्याण, कौशल विकास, जल शक्ति, परिवहन, स्वास्थ्य, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, शिक्षा, पशुपालन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला एवं बाल कल्याण तथा खाद्य एवं रसद विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इनके माध्यम से लोगों को विभागीय योजनाओं, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी तथा साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

हत्या के मामले में चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

इटवा(सिद्धार्थनगर)। ग्राम परसा बुजुर्ग निवासी वंशीलाल की हत्या में वांछित चार अभियुक्तों को इटवा पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद न्यायालय भेज दिया। जानकारी के ग्राम परसा बुजुर्ग गांव में शनिवार 24 अक्टूबर 2026 की रात गाली-गलौज का विरोध करने पर विवाद हुआ था जिसमें 42 वर्षीय वंशीलाल पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया और उसकी मौत हो गई। उसका एक भाई घायल हो गया था। इसी मामले में इटवा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 को थाना क्षेत्र के सेमरी खानकोट प्रथम स्थित प्राथमिक विद्यालय से आगे बनी पुलिया के पास से चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, थाना इटवा में दर्ज मुकदमा संख्या 228/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 191(2), 191(3), 115(2), 352 एवं 3(5) से संबंधित मामले में इन अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी।



गिरफ्तार अभियुक्तों में चिनकू उर्फ हनुमान गौतम पुत्र अवधू उर्फ अवधराम, रोहित गौतम पुत्र चिनकू उर्फ हनुमान गौतम, गोविन्द गौतम पुत्र कन्हैया गौतम तथा अर्जुन प्रताप पुत्र दशरथ गौतम थाना इटवा क्षेत्र के परसा बुजुर्ग गांव के निवासी हैं।पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे के नेतृत्व में यह गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक बृजभान यादव, निरीक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक हरिओम कुशवाहा तथा कांस्टेबल पवन कुमार और मो. हातिम शामिल रहे।

बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाना शिक्षकों का कर्तव्य - जनपद न्यायाधीश

संतकबीरनगर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जनपद न्यायालय सभागार में मंगलवार को जनपद के विभिन्न इंटर कालेज के शिक्षकों के मध्य संविधान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश रणधीर सिंह ने कहा कि बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाना शिक्षकों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम से विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए सार्थक सिद्ध होगी।

उन्होंने प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्राधिकरण की सचिव व न्यायिक अधिकारी अनन्या साह ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के स्वरूपों की विस्तार की चर्चा किया। उन्होंने कक्षा नौ से लेकर बारह तक के छात्र छात्राओं के बीच लीगल लिट्रेसी क्लब गठित करने, विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित करने के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही संविधान के प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, नीति निर्देशक तत्व व विभिन्न अनुच्छेद के बारे में बताया।

लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न कानून की जानकारी देने के साथ मौलिक अधिकार हनन होने के मामले में हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में किए गए रिट के प्रावधान के बारे में बताया। उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, लोक अदालत, टोल फ्री नम्बर 15100, 1098 के बारे में बताते हुए प्री लिटिगेशन, लोक अदालत तथा एक नवंबर को आयोजित होने वाले मेगा शिविर के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान पीडी ला कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर रंजीत चौधरी, शनि गौतम, सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी के शरद त्रिपाठी, दिनेश चंद्र पांडेय, महेश राम, करनपुर इंटर कालेज के विपुल मौर्या, डा.मोहम्मद ताहिर अंसारी समेत अनेक शिक्षक गण मौजूद रहे।

युवक की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

सिद्धार्थनगर। 25 वर्षीय अरुण कुमार गौतम की मौत के बाद बीपीएल हॉस्पिटल, थरौली पर इलाज में लापरवाही का आरोप



लगा है। मृतक की मां दर्गावती देवी ने अस्पताल के डॉ. चंद्रेश उपाध्याय और डॉ. वरदान पांडेय पर लापरवाही और पैसे ऐंठने का आरोप लगाया है। उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत कर डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग की है। इलाज के दौरान हुई मौत दर्गावती देवी के मुताबिक, उनके बेटे को तीन दिन तक अस्पताल में भर्ती रखा गया, पर हालत नहीं सुधरी। बाद में उसे लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) ले जाया गया, जहां 3 अक्टूबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अरुण 25 सितंबर 2026 की रात सिद्धार्थनगर में मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हुए थे। अगली सुबह परिजन उन्हें बपीएल हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉ. चंद्रेश उपाध्याय और डॉ. वरदान पांडेय ने इलाज शुरू किया। मां का आरोप है कि इलाज के नाम पर लगातार पैसे लिए गए, लेकिन बेटे की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ।

इस संबंध में बीपीएल हॉस्पिटल के मालिक डॉ चंद्र उपाध्याय से वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि जिस मरीज के संबंध में उसे उन पर आरोप लगा है वह घायल अवस्था में मेरे अस्पताल लाया गया था हम लोगों के द्वारा उसका तीन दिन तक इलाज किया गया जब तक वह अस्पताल मेरा उसकी हालत स्थिर रही उसके उपरांत दूसरे अस्पताल में ले जाने पर उसके साथ क्या हुआ यह हम कैसे बता सकते हैं उन्होंने क्या उन पर लगा सारे आप बी बुनियाद और झूठ है।

महर्षि बाल्मीकि की जयंती मनायी गयी

बढ़नी/ सिद्धार्थनगर । स्थानीय उपनगर नगर पंचायत बढ़नी कार्यालय में महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी और श्री रामचरित मानस पाठ का कार्यक्रम किया गया।

श्री महर्षि बाल्मीकि जयंती कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि , लिपिक रिषभ मोदनवाल, रामराज कनौजिया, बृजेश अग्रहरि, राजेश्वर शाह, संतोष, सफाई नायक अज्ञाराम, चंद्रप्रकाश,राजू बाल्मीकि, भीमसेन, जगदीश,मकसूद आलम, मुमताज अली,भगौती,दीपू आदि लोगो ने श्री महर्षि बाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और अंत में मिष्ठान को वितरण किया गया।

गोविंद माधव को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर हर्ष

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस नियुक्ति पर नगर पालिका परिषद के सभासदों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के सभासद फतेह बहादुर सिंह, धनंजय सहाय, साजिद अली, कल्लू हाशमी, इमरान, सतीश रस्तोगी, विजय पांडेय और अमित श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने गोविंद माधव को बधाई दी और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।सभासदों ने विश्वास जताया कि गोविंद माधव अपनी नई जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उनकी नियुक्ति को सिद्धार्थनगर के लिए गौरव का विषय बताते हुए समर्थकों ने इसे संगठन में उनके योगदान और सक्रियता के प्रति सम्मान के रूप में देखा। गोविंद माधव को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने की खबर के बाद उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है। समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व और अनुभव से क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।



कार्यालय अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., महराजगंज

पत्रांक-1696/04 लेखा/2026-27 दिनांक 16-10-2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से उत्तर प्रदेश, लोक निर्माण विभाग के "ए, बी, सी एवं डी" श्रेणी के पात्र रोड साईनेज कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, महराजगंज के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमत्रित की जाती है :-

क0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
1	महराजगंज	निचलौल चिउटहा पुरैना मार्ग (अ0जि0मार्ग सं0-157ई) पर टेबल टॉप, जेब्रा क्रासिंग, रिफ्लेक्टेड बार/रम्बल स्ट्रीप, साईनेज बोर्ड, डब्लू मेटल बीम, कैस बैरियर व अन्य विविध कार्य	23.53	2.353	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	06 माह
2	महराजगंज	घुघुली शिकारपुर मार्ग (अ0जि0मार्ग) पर टेबल टॉप, जेब्रा क्रासिंग, रिफ्लेक्टेड बार/रम्बल स्ट्रीप, साईनेज बोर्ड, डब्लू मेटल बीम, कैस बैरियर व अन्य विविध कार्य	20.57	2.057	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	06 माह
3	महराजगंज	शिकारपुर सिन्दुरिया मार्ग (अ0जि0मार्ग) पर टेबल टॉप, जेब्रा क्रासिंग, रिफ्लेक्टेड बार/रम्बल स्ट्रीप, साईनेज बोर्ड, डब्लू मेटल बीम, कैस बैरियर व अन्य विविध कार्य	16.52	1.652	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	06 माह
4	महराजगंज	मटहट घोड़हवा मार्ग (अ0जि0मार्ग) पर टेबल टॉप, जेब्रा क्रासिंग, रिफ्लेक्टेड बार/रम्बल स्ट्रीप, साईनेज बोर्ड, डब्लू मेटल बीम, कैस बैरियर व अन्य विविध कार्य	12.40	1.240	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	06 माह
5	महराजगंज	परतावल पुरैना मार्ग (अ0जि0मार्ग) पर टेबल टॉप, जेब्रा क्रासिंग, रिफ्लेक्टेड बार/रम्बल स्ट्रीप, साईनेज बोर्ड, डब्लू मेटल बीम, कैस बैरियर व अन्य विविध कार्य	17.78	1.778	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	06 माह
6	महराजगंज	निचलौल परसौनी चौक मार्ग (अ0जि0मार्ग) पर टेबल टॉप, जेब्रा क्रासिंग, रिफ्लेक्टेड बार/रम्बल स्ट्रीप, साईनेज बोर्ड, डब्लू मेटल बीम, कैस बैरियर व अन्य विविध कार्य	16.00	1.600	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	06 माह
7	महराजगंज	निचलौल बैदौली झुलनीपुर मार्ग (अ0जि0मार्ग) पर टेबल टॉप, जेब्रा क्रासिंग, रिफ्लेक्टेड बार/रम्बल स्ट्रीप, साईनेज बोर्ड, डब्लू मेटल बीम, कैस बैरियर व अन्य विविध कार्य	18.01	1.801	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	06 माह

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 28-10-2026 से 13-11-2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 13-11-2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दि0 13-11-2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13-11-2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राज कुमार मिश्रा)
अधिशासी अभियंता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि.
महराजगंज

उ.प्र. 259477/दिनांक 26-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

ब्याज माफी की अधिवक्ताओं एवं ईंट भट्ठा व्यापारियों के साथ जागरूकता बैठक का आयोजन

संत कबीर नगर ।राज्य कर कार्यालय, संत कबीर नगर में उपायुक्त, राज्य कर के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश राज्य कर ब्याज माफी योजना-2026 के संबंध में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्थानीय अधिवक्ताओं जनपद के प्रमुख ईंट भट्ठा व्यापारियों ने भाग लिया।

बैठक में योजना के प्रमुजीख प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। शासनादेश संख्या-1/1497681/2026/11-3-2026 दिनांक 16.10.2026 के अनुसार यह योजना दिनांक 31.12.2025 तक सृजित बकायों पर लागू है। इसमें उत्तर प्रदेश बिक्र कर अधिनियम-1948, केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम 1956, उत्तर प्रदेश आमोद एवं पणकर अधिनियम-1979, उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम-1995, उत्तर प्रदेश प्रवेश कर अधिनियम-2007 तथा उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम-2008 के अंतर्गत सृजित मांगों का ब्याज एवं अर्थदण्ड शामिल है। योजना के अंतर्गत मूल बकाया धनराशि की सम्पूर्ण राशि जमा करने पर ब्याज एवं अर्थदण्ड में निम्नानुसार छूट अनुमन्य है। यदि मूल बकाया दस लाख रुपये तक है तो ब्याज की शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) राशि माफ की जाएगी तथा बकाया न जमा करने के कारण आरोपित अर्थदण्ड भी पूर्णत: माफ होगा। मूल बकाया दस लाख रुपये से एक करोड़ रुपये तक होने की स्थिति में ब्याज का केवल दस प्रतिशत जमा करना होगा और नब्बे प्रतिशत ब्याज माफ हो जाएगा, जबकि अर्थदण्ड की शत-प्रतिशत माफी अनुमन्य रहेगी। मूल बकाया एक करोड़ रुपये से पाँच करोड़ रुपये तक होने पर पच्चीस प्रतिशत ब्याज जमा करना होगा तथा पचहत्तर प्रतिशत ब्याज माफ किया जाएगा। पाँच करोड़ रुपये से अधिक मूल बकाया होने की स्थिति में पचास प्रतिशत ब्याज जमा करना होगा तथा शेष पचास प्रतिशत ब्याज माफ हो जाएगा। सभी श्रेणियों में बकाया न जमा करने के कारण आरोपित अर्थदण्ड की शत-प्रतिशत माफी का प्रावधान है।योजना शासनादेश जारी होने की तिथि से तीन माह के लिए प्रभावी है। यह सभी प्रकार की मांगों (स्वीकृत कर/आरोपित कर, न्यायालयों में लंबित या निर्णित मामलों सहित) पर लागू होगी। प्रत्येक आदेश से सृजित मांग के लिए पृथक आवेदन किया जाएगा। योजना लागू होने से पूर्व आंशिक या पूर्ण मूल धनराशि जमा करने वाले व्यापारी भी लाभ ले सकते हैं।

आवेदन-प्रक्रिया के तहत व्यापारियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पहले संबंधित मूल बकाया/ब्याज/अर्थदण्ड की गणना कर धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी, तदोपरांत आवेदन किया जा सकेगा। जनपद स्तर पर हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है, जहाँ आवेदन भरने में सहायता उपलब्ध है। आवेदन स्वीकृति के पश्चात संबंधित अधिकारी द्वारा ऋष्ट बेबाक होने का प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

बैठक में अधिवक्ताओं से आग्रह किया गया कि वे अपने मुवक्किल व्यापारियों, विशेषकर ईंट भट्ठा संचालकों, को योजना की जानकारी दें और उन्हें समयबद्ध लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। ईंट भट्ठा व्यापारियों को भी अपने पुराने वेट/व्यापार कर संबंधी बकायों की जाँच कर योजना का लाभ लेने की सलाह दी गई।सहायक आयुक्त, राज्य कर, खंड-01, संत कबीर नगर ने कहा कि योजना का उद्देश्य पुराने बकायों का समाधान कर व्यापारियों को राहत प्रदान करना है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे योजना की निर्धारित अवधि में आवेदन कर लाभ अवश्य दें लें। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए राज्य कर कार्यालय, खंड-01, संत कबीर नगर में श्री प्रमोद कुमार राय, राज्य कर अधिकारी (मोबाइल संख्या 9454636459) से संपर्क किया जा सकता है।

पटेल जयंती पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

संत कबीर नगर द्य हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खलीलाबाद, संत कबीर नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को सरदार पटेल के व्यक्तित्व, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति उनके समर्पण से परिचित कराना था। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी श्री विद्या भूषण ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान सेनानी और आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता के बल पर देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत की एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ आधार प्रदान किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8297/33 काम-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 21-10-2026

निविदा आमंत्रण सूचना (ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए" एवं "बी" श्रेणी के पात्र **मार्ग कार्य हेतु** पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से **प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, महराजगंज** के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री ग्राम योजनान्तर्गत मार्ग का नवनिर्माण कार्य (पाँच वर्ष अनुरक्षण के साथ)							
1	महराजगंज	सी0एस0ए0न0टी0ए0न0 मार्ग से मटिहरिया में पूरब टोला सम्पर्क मार्ग	118.70	7.94	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	10 माह	ए बी

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 **28-10-2026 से 13-11-2026** तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक **13-11-2026** को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड **दि0 13-11-2026** को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि **13-11-2026** को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राज कुमार मिश्रा)
अधिशासी अभियंता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि.
महराजगंज

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 259474/दिनांक 26-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

लौह पुरुष सरदार पटेल जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

संतकबीरनगर। भारत रत्न एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर संतकबीरनगर जनपद में एक भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन होने जा रहा है। युवा समाजसेवी एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विकास चौधरी के नेतृत्व में 31 अक्टूबर को सुबह 9:00 बजे हीरालाल डिग्री कॉलेज से मेहदावल बाईपास तक इस विशाल शोभायात्रा को निकाला जाएगा। जयंती समारोह को लेकर पूरे जनपद में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है। विकास चौधरी के नेतृत्व में चलाए गए प्रचार अभियान से पूरा जिला सरदार पटेल के संदेशों और स्वागत पोस्टरों से पट गया है। शहर के प्रमुख चौराहों, मुख्य मार्गों और बाजारों में लगे होर्डिंग्स व पोस्टरों ने जिलेभर में उत्सव जैसा माहौल बना दिया है। इस आयोजन को लेकर युवाओं और स्थानीय ग्रामीणों में भारी जोश देखा जा रहा है। विकास चौधरी ने बताया कि 31 अक्टूबर की सुबह ठीक 9:00 बजे हीरालाल डिग्री कॉलेज प्रांगण से हजारों की संख्या में युवा, किसान और सम्मानित नागरिक एकत्र होकर इस शोभायात्रा का शुभारंभ करेंगे। यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए मेहदावल बाईपास पर पहुंचकर संपन्न होगी।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी भरोहिया-गोरखपुर

निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत/विकास खण्ड भरोहिया की पंचम राज्य वित्त आयोग व पन्द्रहवा केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में जिला पंचायत राज अधिकारी गोरखपुर कार्यालय पंत्रांक 4571/क्षे0प0/रा0वि0आ0/के0वि0आ0/प्रशा0-का0/2026-27 दिनांक 24.10.2026 एवं जिलाधिकारी महोदय गोरखपुर के द्वारा दिनांक 12.10.2026 स्वीकृति प्रदान की गयी है, के क्रम में कराये जाने वाले निमार्ण कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। निमार्ण कार्य राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/पंजीकृत फर्म/विक्रेता से अघोलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धो के अधीन सील्ड लिफाफे मे निविदा आंमत्रित की जाती है। जो क्षेत्र पंचायत भरोहिया कार्यालय में उपलब्ध सील्ड बॉक्स मे पंजीकृत ठेकेदार/पंजीकृत फर्म /विक्रेता द्वारा दिनांक 28.10.2026 से 18.11.2026 के सायं 5:00 बजे तक निम्न परियोजनाओ पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस मे निर्धारित अवधि तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 19.11.2026 को दोपहर 12.15 बजे विकास खण्ड भरोहिया के सभाकक्ष में खण्ड स्तरीय निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। योजना अन्तर्गत एक कार्य पर एक ही निविदा फार्म भरा जाय, एक से अधिक कार्य होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।निविदत्त ठेकेदार/फर्म की दर स्वीकृति के पश्चात मु0 100.00 रुपये मूल्य के नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा।

क0 स0	परियोजना का नाम (पंचम राज्य/पन्द्रहवा केन्द्रिय वित्त)	कार्य की मात्रा	अनुमानित लागत (लाख में)
1	ग्राम पंचायत रमवापुर में संतराज सिंह के घर से कलवा पोखरी तक ह्यूम पाईप नाली निर्माण कार्य।	250.00 मी0	8.50
2	ग्राम पंचायत बिस्टौली में बन्दरहा माईनर पर संतराज के घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य।	1 अदद	9.99
3	ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में टोला मंझरिया पुर्णवासी यादव के घर से कैलाश निषाद के घर से प्रेम के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य।	170 मी0	8.50
4	ग्राम पंचायत मखनहां खास में धोबी टोला रामचन्दर कन्नौजिया के घर से नाला तक ह्यूम पाईप नाली निर्माण कार्य	400.00 मी0	9.99
5	ग्राम पंचायत फरदहनी में जोगेन्द्र मणि त्रिपाठी के घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य।	1 अदद	9.99
6	ग्राम पंचायत राजाबारी में जसवल को जोड़ने वाले मार्ग पर धीरज पाठक के घर से सुबाष जायसवाल के घर तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण व स्लैप निर्माण कार्य।	110 मी0	9.99
7	ग्राम पंचायत बुढ़ेली में लक्ष्मीपुर को जोड़ने वाले मार्ग पर साधू भारती के घर से साइफन तक ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य।	150.00 मी0	8.00
8	ग्राम सभा राजाबारी में मोहम्मद शाहिद के घर से रामलाल के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य।	110.00 मी0	9.99
9	विकास खण्ड भरोहिया मुख्यालय पर मुख्य गेट का निर्माण कार्य।	1 अदद	9.96
10	4 मेज 3 कुर्सी 2 आलमारी 1 अदद प्रमुख जी के कक्ष के लिय इनवर्टर	1 अदद	2.00

1-निविदा प्रपत्र खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस मे लेखाकार/कैशियर से प्राप्त किया जा सकता है।
2-निविदा आमन्त्रणकर्ता को निविदा में संशोधन/ निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
3-निविदा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नामित अधिकारियों द्वारा निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोला जायेगा।
4-शेष नियम व शर्तो की जानकारी खण्ड विकास अधिकारी भरोहिया कार्यालय से ली जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी
भरोहिया-गोरखपुर

प्रशासक
क्षे.पं. भरोहिया
गोरखपुर

पत्रांक-214/निर्माण कार्य सूचना (क्षे.पं.)/2026-27/दिनांक 27-10-2026